## एक नजर में

### 6 लीटर कच्ची शराब जप्त

श्योपुर, 16 फरवरी। थाना सेसईपुरा 06 ली. हा.भ. कच्ची शराब पकड़ी - आरोपी गोपी पुत्र गप्पू बंजारा उम्र 50 साल नि. जिला शिवपुरी हॉल हिम्मतगढ़ रानी पुरा रोड सेसईपुरा को दि. 15.02.26 के 10.15 से 10.30 बजे स्थान गोपी बंजारा का घर हिम्मतगढ़ रानीपुरा रोड सेसईपुरा के कब्जे से हा.भ. की बनी कच्ची शराब 06 ली. कीमती 600/- जप्त की। दि. 15.02.26 के 11.21 बजे अप.क्र.03/26 धारा 34 आब.एक्ट कायम कर लिया है।

### तेज रफ्तार बाईक सवार ने मारी टक्कर

श्योपुर, 16 फरवरी। थाना कराहल सड़क दुर्घटना फरि. हल्के उर्फ बल्लू पुत्र हरिदेव आदि. उम्र 36 साल नि. पकोड़िया सहराना कराहल ने रिपोर्ट की कि दि. 15.02.26 के 11.30 से 11.35 बजे स्थान कान्हा किराना स्टोर श्यो. शिवपुरी रोड पर आरोपी मो.सा. चालक ब्रजेश आदि. कराहल ने अपनी मो.सा. को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. को टक्कर मार दी जिससे फरि को चोटे आई। दि. 15.02.26 के 13.29 बजे अप.क्र.09/26 धारा 281,125 (ए) बीएनएस कयम कर लिया है।

### पुराने विवाद एवं बटवारे को लेकर मारपीट

श्योपुर, 16 फरवरी। थाना ढोढर मारपीट फरि हल्की बाई पत्नी बाबू केवट उम्र 50 साल नि. मलूपुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 15.02.26 के 07.00 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर पर आरोपी रामफूल उर्फ बन्टी पिता बाबू केवट नि. मलूपुरा द्वारा पुराने विवाद एवं बटवारे को लेकर फरि. के साथ मां- बहन की गंदी - गंदी गालियां दी मारपीट की एवं चोट होकर खून निकल आया एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 15.02.26 के 11.20 बजे अप.क्र. 15/26 धारा 115(2), 118(1),296(ए),351(3) बीएनएस कायम कर लिया है।

### तेज रफ्तार बाईक सवार ने मारी टक्कर

श्योपुर, 16 फरवरी। थाना बरगवां सड़क दुर्घटना फरि. अनिकेत पुत्र कमल आदि. उम्र 24 साल नि. ग्राम जागदा थाना बरगवां ने रिपोर्ट की कि दि. 15.02.26 के 16.00 से 16.20 बजे स्थान गोरस सबलगढ़ रोड़ सिरोनी पठार के बीच पुलिया के पास आरोपी अज्ञात रंग की लाल मो.सा. का चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाकर फरि. के भाई की मो.सा. में टक्कर मार दी जिससे फरि के भाई जसवंत व अखिलेश को चोटें आई। दि. 15.02.26 के 22.03 बजे अप.क्र.09/26 धारा 281,125 (ए) बीएनएस कायम कर लिया है।

### लड़की को माइके ले जाने की बात पर मारपीट

श्योपुर, 16 फरवरी। थाना रघुनाथपुर मारपीट फरि. सोबरन पुत्र उत्तम बंजारा उम्र 45 साल नि. ग्राम दुबा थाना करैया जिला ग्वालियर ने रिपोर्ट की कि दि. 15.02.26 के 16.00 से 16.10 बजे स्थान राजू के घर के सामने पकोड़ा का सहराना पर आरोपी राजू बंजारा नि. पकोड़ा का सहराना थाना रघुनाथपुर ने फरि की लड़की को माइके ले जाने की बात पर से मारपीट की गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी दि. 15.02.26 के 20.53 बजे अप. क्र. 11/26 धारा 296ए, 115 (2),351 (3) बीएनएस कायम कर लिया है।

### बोर्ड परीक्षाओं में आज सम्मिलित हुए 752 परीक्षार्थी

श्योपुर, 16 फरवरी। जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित है। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि जारी बोर्ड परीक्षाओं के क्रम में आज हायर सैकेण्डरी कक्षा 12 की परीक्षा में 752 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। बोर्ड द्वारा निर्धारित टाईम टेबिल के अनुसार आज जिले के 25 परीक्षा सेंटरों पर हायर सैकेण्डरी बोर्ड के संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें दर्ज 764 परीक्षार्थियों में से 752 ने परीक्षा दी, 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

# सांदीपनि स्कूलों के लिए बनेगे 28 करोड़ के 8 हॉस्टल

### कलेक्टर ने दिये भूमि चयन करने के निर्देश





**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि जिले में तीनों सांदीपनि स्कूलों के लिए बनने वाले हॉस्टल के लिए संबंधित विभागों द्वारा भूमि का चयन कर डिमांड उपलब्ध कराई जायें, जिससे हॉस्टल निर्माण के लिए भूमि का आवंटन किया जा सकें। उन्होंने कहा कि श्योपुर जिले के तीनों सांदीपनि स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से शासन द्वारा 8 हॉस्टल निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। 8 हॉस्टल 28 करोड 60 लाख रूपये की लागत से बनाये जायेगे, जिसके लिए पीआईयू क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त की गई है। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे थे।

इस अवसर पर एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि जनगणना 2027 का कार्य दो चरणो में संपादित होगा, प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा तथा द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में संपन्न कराया जायेगा। जनगणना के लिए तहसीलवार एवं निकायवार चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त कर दिये गये है। जनगणना के लिए नियुक्त किये गये सभी अधिकारियों का प्रशिक्षण 19 एवं 20 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया जाये और विस्तारपूर्वक जनगणना के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायें। प्रशिक्षण के दौरान प्रथम चरण में किये जाने वाले कार्यो पर जानकारी प्रदान की जायें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों के संबंध में इस वर्ष की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जानकारी प्रदाय की जायें। इसके आधार पर आगामी समय में समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। उन्होंने लोक सेवा के प्रकरण समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी दिये।

बैठक में पीआईयू द्वारा अवगत कराया गया कि सांदीपनि स्कूलों के लिए 100 एवं 50 सीटर हॉस्टल का निर्माण कराया जायेगा, 100 सीटर के लिए लगभग 4 करोड रूपये तथा 50 सीटर के लिए लगभग 2.30 करोड रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। सांदीपनि स्कूल श्योपुर एवं विजयपुर में 100-100 सीटर के दो-दो कुल 4 हॉस्टल निर्मित होगे, इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड के सांदीपनि स्कूल पहेला में 100 सीटर के दो एवं 50 सीटर के दो हॉस्टल का निर्माण होगा।

### संकल्प से समाधान अभियान

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा ने निर्देश दिये कि संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत कलस्टर लेबल के शिविर का आयोजन शुरू हो गया है। अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण कर और पोर्टल पर अपलोड करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। अभियान के तहत आम जन निर्धारित 21 विभाग की 106 सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। इसके लिए आवेदन स्वयं भी पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सेवा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं सेवाओं की जनकारी पोर्टल पर उपलब्ध है।

### दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के आवेदन आंमत्रित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 फरवरी।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दो लाख रूपये तक की प्रोत्साहन राशि विवाहित जोडे को उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में संकल्प से समाधान अभियान जारी है। इसके तहत पात्र व्यक्ति उक्त योजना के लिए आवेदन कर सकते है। उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती शशिकिरण इक्का ने बताया कि योजना के तहत दिव्यांग दंपत्ति को दो लाख रूपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदाय किये जाने का प्रावधान है। योजना का लाभ लेने के लिए मध्यप्रदेश का मूलनिवासी होना अनिवार्य है। यह लाभ 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता पर दिया जाता है। कन्या की उम्र 18 वर्ष एवं लडके की उम्र 21 वर्ष से अधिक होना चाहिए तथा आवेदक आयकरदाता नही होना चाहिए। धार्मिक, सामाजिक रिति या समक्ष न्यायालय द्वारा कानूनी रूप से विहित विवाह होना चाहिए। योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए विवाह के एक वर्ष के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दंपत्ति में से कोई एक दिव्यांग होने पर दो लाख रूपये तथा दोनो के दिव्यांग होने पर एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाती है।

# मंदिरों की भूमि संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध

### श्योपुर जिला प्रशासन की नई पहल

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार श्योपुर जिले में मंदिरों की भूमि से संबंधित जानकारी अब आमजन के लिए ऑनलाइन उपलब्ध है। ई-दक्ष केन्द्र प्रशिक्षक दीपक कुशवाह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई वेबसाइट ´मिवचनत.दपब.पद पर जाकर कोई भी नागरिक मंदिर की भूमि किसके नाम दर्ज है, इसकी जानकारी देख सकता है। मंदिरों की भूमि का रिकॉर्ड सार्वजनिक रूप से उपलब्ध, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा,विकल्प के माध्यम से आपत्ति दर्ज करने की सुविधा, नागरिक सीधे अपनी आपत्ति या सुझाव ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते है। यह पहल प्रशासन की पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनभागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि आवश्यकता अनुसार पोर्टल का अवलोकन करें और यदि कोई तथ्यात्मक आपत्ति हो तो निर्धारित विकल्प के माध्यम से अपनी बात दर्ज करा सकते है।

### निर्माण श्रमिको के मैधावी बच्चों के लिए सुपर-5000 योजना

श्योपुर। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत श्रमिक अपना पंजीयन कराकर मंडल की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। ऐसे श्रमिक जिन्होंने विगत 12 माह में न्यूनतम 90 दिवस निर्माण श्रमिक के रूप में कार्य किया हो, वे योजना के पात्र है इसके लिए स्वघोषणा पत्र भरना होता है। पंजीयन के लिए आवेदक की आयु 18 से 60 वर्ष होनी चाहिए, भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल अंतर्गत पंजीकृत हो, समग्र ई-केवाईसी हो, आयकर दाता न हो, कृषि भूमि 01 हेक्टेयर से अधिक न हो। पंजीकृत श्रमिको के लिए कर्मकार मंडल की विभिन्न योजनाएं है, जिनमें श्रमिको के मैधावी बच्चों के लिए सुपर-5000 योजना में 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि शासन की ओर से प्रदाय की जाती है।

# चोरी करने वाली ग्वालियर की गैंग गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 फरवरी।** विजयपुर कस्बे में हुई सिलसिलेवार चोरी की घटना का खुलासा कर चोरी गए सोने, चाँदी के जेवरात एवं नगदी कुल कीमती 745000 , घटना में प्रयुक्त बाइक एवं स्कूटी बरामद करने एवं घटना कारित करने वाली गैंग के 07 सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है ।

फरियादी बिन्दुसार पुत्र शिवेन्द्र जादौन निवासी बजरंग कालोनी मण्डी विजयपुर एवं फरियादिया भावना पत्नी स्व. गणेश जादौन निवासी बजरंग कालोनी विजयपुर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि रात्रि उनके सूने घरों के ताले तोडकर अज्ञात चोर 07 लाख 45 हजार रूपये के मशरूका जिसमें सोना चाँदी, नगदी को चुराकर ले गये थे,

पुलिस की कार्यवाही घटना की पुलिस ने तकनीकि विश्लेषण कर साक्ष्य एकत्रित किए। तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को घटना में ग्वालियर की गैंग के हाथ होने के सुराग लगे। पुलिस द्वारा आरोपियों के ट्रैक रिकार्ड को खंगालने पर आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत मिले जिसके चलते पुलिस द्वारा आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई पूछताछ पर आरोपियों द्वारा विजयपुर कस्बे में चोरी की घटनाओ को अंजाम देना स्वीकार किया गया।

गैंग के सरगना करूआ उर्फ मोहन जाटव ने पूछताछ में बताया कि कस्बा विजयपुर में दीपक जाटव,रूपसिंह जाटव, अजय राजौरिया पहले से ही सोलर प्लेट लगाने की साईट पर काम कर रहे थे तभी दीपक जाटव की योजना के मुताविक दीपक ने अपने पुराने दोस्त राहुल उर्फ हड्डी,मोहन उर्फ करूआ जाटव जो कि ग्वालियर जिले के शातिर नकबजनी करने वाले बदमाश है उनको विजयपुर को सौलर प्लेट लगाने के लिए बुलाया जो विजयपुर में अग्रवाल धर्मशाला में रूके हुए थे दिन के समय बंजरग कॉलोनी में आरोपियों द्वारा सौलर प्लेट लगाई उसी बहाने से रैकी कर ताले लगे घरों को चिन्हित कर रात्रि में उन घरों को निशाना बनाने की योजना बनाई गई, योजनानुसार पहले से चिन्हित किए गए घरों के ताले तोडकर घर में रखे सोने, चाँदी के जेवरात एवं नगदी 44000 रू. चोरी की थी और फिर चोरी गये माल को सभी लोगो ने आपस में बाँट लिया। आरोपी शातिर नकबजन है आरोपियों पर कई आपराध दर्ज है। चोरी में गया सोने, चाँदी के जेवरात एवं नगदी कुल कीमती 745000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त बाइक और स्कूटी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प लगेंगे

### 21 फरवरी को ग्राम गढी में आयोजित होगा शिविर

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 फरवरी।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा माननीय जुवेनाइल जस्टिस कमेटी हाईकोर्ट मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में 18 साल तक की आयु के सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प 21 फरवरी को हायर सैकेण्डरी स्कूल गढी में, 23 फरवरी को नगरपरिषद बडौदा में, 28 फरवरी को जनपद पंचायत कार्यालय कराहल में, 02 मार्च को शासकीय हाईस्कूल पहेला में, 07 मार्च को पंचायत भवन मानपुर में, 09 मार्च को कार्यालय नायब तहसीलदार भवन गोरस में तथा 16 मार्च को शासकीय हाईस्कूल ओछापुरा में आयोजित किये जायेगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने निर्देश दिये है कि उक्त स्क्रीनिंग कैम्प में स्वास्थ्य विभाग मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सक शिविर स्थल पर पहुंचकर दिव्यांगता का परीक्षण करेंगे और दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करेंगे।

शिविर में शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण किया जायेगा, इसमें महिला बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण आदि के द्वारा सहयोग प्रदान किया जायेगा।

# सामुहिक विवाह सम्मेलन के लिए तिथि निर्धारित

### अक्षय तृतीया, देवउठनी ग्यारस एवं बंसत पंचमी पर होगे विवाह सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 फरवरी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के क्रियान्वयन हेतु शासन स्तर से वार्षिक चक्रीय क्रम में सामुहिक विवाहों के आयोजन के लिए तिथियों का निर्धारण किया गया है।

उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्रीमती शशिकिरण इक्का ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल 2026 को समस्त निकायों अर्थात सभी जनपद पंचायतो एवं नगरपालिकाओं द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा देवउठनी ग्यारस (तुलसी विवाह) के अवसर पर 20 नवंबर 2026 तथा बंसत पंचमी के अवसर पर 11 फरवरी 2027 को सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जायेगे। उक्त तिथियों में योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभिभावक अपने आवेदन संबंधित निकायों में जमा करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट स्थित सामाजिक न्याय विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### पानी की मोटर चालू करते समय लगा करंट, किसान की मौत

**शाजापुर, 16 फरवरी.** जिले के ग्राम रेहली में रविवार सुबह खेत पर करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई. यह घटना सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच हुई, जब किसान अपने खेत में पानी की मोटर चालू करने गया था. जानकारी के अनुसार किसान नाथूलाल गुर्जर 60 वर्ष निवासी ग्राम रेहली जब मोटर चालू करने पहुंचा, तो खेत के पास लगी डीपी में फाल्ट हो गया था.

# पिपलिया फोरलेन पर दो दर्दनाक हादसे

**पिपलिया.** महू-नीमच हाईवे पर दो अलग-अलग सड़क हादसों ने क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया. पहले हादसे में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दम्पत्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे हादसे में अज्ञात ट्रक की टक्कर से महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों ही मामलों में वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गए. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. रविवार दोपहर करीब तीन बजे पिपलिया चौपाटी से आगे 'रोड़ के राजा स्थान' के समीप फोरलेन पर यह दर्दनाक हादसा हुआ. पिपलिया जोधा निवासी दिनेश जैन अपनी पत्नी विमलाबाई के साथ मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे. दोनों की हादसे में मौत हो गयी.

इसी दौरान फोरलेन पर टर्न लेते समय मंदसौर से नीमच की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कई फीट दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस वाहन एवं टोल एम्बुलेंस मौके पर पहुंची. दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया. बताया जा रहा है कि कार रघुनंद नागदा (27) निवासी बघाना, नीमच चला रहा था, जो घटना के बाद वाहन सहित फरार हो गया. मृत दम्पत्ति अपने पीछे दो बेटियां छोड़ गए हैं. इनमें से एक की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी अभी पढ़ाई कर रही है.

### वंदे मातरम का 6 छंदों के साथ गायन

**भोपाल.** विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन अभिभाषण के लिए जैसे ही राज्यपाल मंगुभाई पटेल का सदन में आगमन हुआ, उसके बाद परंपरा के मुताबिक वंदे मातरम् का गायन शुरू हुआ, लेकिन इस बार विशेष बात ये रही कि राष्ट्रगीत के 6 छंदों का पहली बार सामूहिक गायक किया गया, राष्ट्रगीत के गायन के बाद राज्यपाल का अभिभाषण शुरू हुआ जो कि लगभग 15 मिनट तक चला. इस दौरान विपक्षी सदस्यों का व्यवधान भी लगातार चलते रहा.

# श्रद्धालुओं से भरा आटो पलटा 10 से अधिक लोग घायल

**सीधी, 16 फरवरी.** शहर के पड़रा बाईपास मार्ग में आज दोपहर श्रद्धालुओं से भरी एक आटो के अनियंत्रित होकर पलटने से दर्जनभर लोग घायल हो गये. यह श्रद्धालु महाशिवरात्रि पर पूजा अर्चना करने हनुमानगढ़ से जोबा शिव मंदिर जा रहे थे. ऑटो पड़रा बाईपास पर अनियंत्रित होकर पलट गया.इस हादसे में एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना रविवार दोपहर 1 बजे की है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ट्रक से बचने की कोशिश में हादसा हुआ. ऑटो चालक ने ट्रक से बचने के लिए वाहन को पटरी के नीचे उतारा, जहां वह सड़क किनारे पड़े एक पत्थर से टकराकर पलट गया. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी.

### मौसम : रात में सर्द हवाओं से विदा हो रही ठंड

**भोपाल, 16 फरवरी.** भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों में सुबह की सुनहरी धूप के साथ दिन की तपिश का पारा धीरे धीरे चढ़ने की कोशिश में हैं. लेकिन शाम की सर्द हवायें प्रदेश में अभी ठंड के अंतिम दिनों का अहसास कराने से नहीं चूक रही.मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश के अधिकतर जिलों में रविवार का मौसम शुष्क रहा. वहीं भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, चंबल, रीवा, जबलपुर और सागर जैसे जिलों का तापमान सामान्य से 1.6 से 2.9 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया है. सबसे न्यूनतम तापमान 8.6 से 10 डिग्री सेल्सियस तक वाले जिलों में कटनी, पचमढ़ी, रीवा, राजगढ़ रहे. जबकि प्रदेश में सबसे अधिक गर्म जिलों में खंडवा, नर्मदापुरम,खरगौन, रतलाम में 32 से 34 डिग्री सेल्सियस तक का अधिकतम तापमान दर्ज किया गया.


## आम सूचना

श्रीमती ममता तिवारी पत्नी स्व. श्री संजीव तिवारी के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बस स्टैण्ड वाले, प.ह.नं.19, रा.नि.मं.दतिया, तहसील एवं जिला दतिया (म.प्र.) है। जो नगर पालिका दतिया वार्ड क्र.02(पुराना) एवं 32 (नया) में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-बाड़ा चंदन सिंह, पश्चिम में-बाड़ा श्री राम शर्मा, उत्तर में-सम्पत्ति सुरेश सिंधी एवं दक्षिण में रास्ता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति नामांतरण पंजी वर्ष 2010 के अनुसार, श्री अंकित तिवारी, श्री आशीष तिवारी, श्री अभिषेक तिवारी पुत्रगण स्व. श्री संजीव तिवारी, श्री दीपक तिवारी पुत्र स्व. श्री राज कुमार तिवारी के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री अंकित तिवारी, श्री आशीष तिवारी, श्री अभिषेक तिवारी एवं श्री दीपक तिवारी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती ममता पत्नी स्व. श्री संजीव तिवारी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी09592020ए1681202 दिनांक 20.10.2020 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी के अनुसार उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित वर्ष 2020 के पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्रीमती ममता तिवारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान डबरा के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा वर्ष 2020 से पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास,सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710


# कार्यकर्ताओं ने भाजपा को बुलंदियों तक पहुंचाया

## जनप्रतिनिधियों ने कहा-एमपी की बेहतर योजनाओं को केरल में करेंगे लागू

**भोपाल, 15 फरवरी. भारतीय जनता पार्टी के ''भाजपा फॉर विकसित केरलम' ' कार्यक्रम के तहत केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों का मध्यप्रदेश के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन रविवार को भोपाल में 11 सदस्यीय और ग्वालियर में 13 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर योजनाओं का अवलोकन किया.**



भोपाल के प्रतिनिधि मंडल ने लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल से भी मुलाकात कर संवाद किया. मध्यप्रदेश विधानसभा का भ्रमण करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों से विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश के संगठन को बुलंदी तक पहुंचाया है. नगरीय विकास विभाग की योजनाओं का भ्रमण और अवलोकन के पश्चात् जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मध्यप्रदेश में नगरीय विकास की कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं. योजनाओं और नवाचारों को बारीकी से समझा और देखा है. केरल के निकायों में भी ऐसी योजनाओं को लागू कराया जाएगा.

ग्वालियर में पहुंचे केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कमल सिंह का बाड़ा स्थित आवास पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया. इसके बाद उन्होंने मोतीमहल, अत्याधुनिक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर, नगर निगम परिषद का अवलोकन कर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, नगर निगम के कार्यों की जानकारी प्राप्त की. बालभवन स्थित कार्यालय में जनप्रतिनिधियों से संवाद कार्यक्रम में नगरीय विकास की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की.

# एआई और डीप-टेक नवाचारों का प्रदर्शन

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में होगा प्रदर्शन

### नई दिल्ली के भारत मंडपम में सजेगा 'मध्यप्रदेश पैवेलियन'

### स्वास्थ्य, कृषि प्रबंधन में एआई समाधान होंगे प्रस्तुत

**भोपाल, 15 फरवरी. इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 का आयोजन 16 से 20 फरवरी 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा. समिट में प्रदेश का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग "मध्यप्रदेश पैवेलियन" स्थापित कर राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा.**

प्रदर्शनी हॉल-4, प्रथम तल, बूथ क्रमांक 4F32 एवं 4F34 में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगी. मध्यप्रदेश पैवेलियन में एआई-सक्षम शासन मॉडल, डीप-टेक नवाचारों और स्टार्टअप आधारित समाधानों का व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा. यह सहभागिता 15 जनवरी 2026 को भोपाल में आयोजित रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस के बाद हो रही है, जहाँ प्रदेश ने शासन, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी तंत्र और औद्योगिक स्वचालन जैसे क्षेत्रों में एआई के प्रभावी उपयोग का प्रदर्शन किया था. समिट में प्रदेश के चार प्रमुख शासकीय विभागों द्वारा एआई के व्यावहारिक उपयोग प्रस्तुत किए जाएंगे. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा टीबी जोखिम पूर्वानुमान के लिए पीएटीओ, एआई आधारित मल्टीमॉडल टीबी स्क्रीनिंग के लिए सीएटीबी, मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के लिए संवादात्मक एआई आधारित सुमन सखी और शासकीय अस्पतालों में निदान दक्षता बढ़ाने के लिए एआई-सहायित रेडियोलॉजी निर्णय समर्थन पायलट प्रदर्शित किया जाएगा. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा के लिए एआई-चालित जिला प्रदर्शन प्रतिवेदन प्रणाली प्रस्तुत करेगा, जो लाइव एपीआई डेटा को केपीआई बेंचमार्किंग, अपवाद पहचान और ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक एआई-जनित अंतर्दृष्टियों में परिवर्तित कर जमीनी स्तर पर योजना निर्माण और पारदर्शिता को सुदृढ़ बनाती है.